वित्त मंत्रालय

डीआरआई ने नगर कुरनूल जिले में एक गुप्त अस्थायी प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया, 3.14 करोड़ रुपये मूल्य की 31.42 किग्रा अल्प्राजोलम जब्त, एक गिरफ्तार

प्रविष्टि तिथि: 24 MAY 2023 8:55PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने तेलंगाना के नगर कुरनूल जिले में एक गुप्त अस्थायी प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया है और 31.42 किलोग्राम अल्प्राजोलम एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत एक नशीला पदार्थ) जब्त किया। इसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, तेलंगाना के नगर कुरनूल जिले के वट्टेम गांव (बिजिनेपल्ली मंडल) के बाहरी इलाके में खेतों के बीच दूरदराज स्थित पोल्ट्री फार्म में अल्प्राजोलम बनाने वाली एक गुप्त अस्थायी प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया गया।

नियोजित छापेमारी के परिणामस्वरूप तैयार उत्पाद के रूप में 31.42 किलोग्राम अल्प्राजोलम (अवैध बाजार में इसका मूल्य लगभग 3.14 करोड़ रुपये है) और इसके निर्माण में प्रयुक्त मशीनरी और अन्य उपकरणों के साथ-साथ इससे जुड़ी सामग्री जब्त की गई।

अल्प्राजोलम बनाने के काम में लगे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

****

एमजी/एमएस/आरपी/एमपी

(रिलीज़ आईडी: 1927085) आगंतुक पटल : 288
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Telugu